# जहाजों को सुरक्षित निकालने की तैयारी

## 20,000 भारतीय नाविकों की सुरक्षा एक बड़ी चिंता बनी हुई

**नई दिल्ली, 09 अप्रैल. पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में बाधित जहाजरानी के बीच भारत ने एक बड़ा रणनीतिक कदम उठाने की तैयारी कर ली है.**

खाड़ी क्षेत्र में फंसे तेल, एलपीजी और एलएनजी से लदे जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए सरकार ने व्यापक योजना तैयार की है. पेट्रोलियम और शिपिंग मंत्रालय के संयुक्त ने बताया करीब 18 जहाजों को प्राथमिकता सूची में रखा गया है, इन जहाजों पर बड़ी संख्या में भारतीय चालक दल कार्यरत हैं। इस बीच फारस की खाड़ी क्षेत्र में लगभग 20,000 भारतीय नाविकों की सुरक्षा भी एक बड़ी चिंता बनी हुई है.



### हमने मार गिराया कासिम नईम का भतीजा : इजरायल

**बेरूत.** अमेरिका और ईरान के बीच 14 दिन के सीजफायर पर सहमति भले बन चुकी हो, लेकिन मिडिल ईस्ट में तनाव अभी भी बरकरार है. इसी बीच इजरायल ने हिज्बुल्लाह चीफ नईम कासिम के भतीजे अली यूसुफ हारशी को मार गिराने का बड़ा दावा किया है. हालांकि इस दावे की अभी तक हिजबुल्लाह की ओर से पुष्टि नहीं हुई है.

### हरदीप सिंह पुरी कतर दौरे पर रहेंगें आज



**नई दिल्ली.** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर सक्रिय हो गया है. केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी 9 से 10 अप्रैल के बीच कतर का दौरा करेंगे.

## पार्थ अजीत पवार ने राज्यसभा सदस्यता की ली शपथ

**नई दिल्ली.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता पार्थ अजीत पवार ने गुरुवार को यहां राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली. राज्य सभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने पवार को शपथ दिलाई. उन्होंने अंग्रेज़ी में शपथ ली और वह राज्यसभा में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगे. पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख रहे दिवंगत अजीत पवार के पुत्र हैं. राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा, महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजीत पवार, कांग्रेस सदस्य जयराम रमेश, एन सी पी के प्रफुल्ल पटेल, लोकसभा सदस्य तटकरे सुनील दत्तात्रेय, राज्यसभा के महासचिव पी. सी. मोदी और राज्य सभा सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

# केजरीवाल ने बाबा जुझार सिंह की जयंती पर दी बधाई

▸ गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादे को किया नमन



**नई दिल्ली, 09 अप्रैल. अरविन्द केजरीवाल ने दसवें सिख गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के दूसरे साहिबजादे बाबा जुझार सिंह जी की जयंती पर देशवासियों को हार्दिक बधाई दी है.**

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए बाबा जुझार सिंह जी के साहस, बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को नमन किया। केजरीवाल ने कहा कि साहिबजादों का जीवन हमें धर्म, वीरता और त्याग की प्रेरणा देता है। दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के दूसरे साहिबजादे बाबा जुझार सिंह जी की जयंती पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई। उनका साहस, त्याग और बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा है.


## ईडी ने निलंबित उपायुक्त की अचल संपत्ति की कुर्क

**नयी दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तस्करी के एक मामले में निलंबित चल रहे कोलकाता एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स के तत्कालीन उपायुक्त नवनीत कुमार की 48.61 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है. ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि उसने यह कार्रवाई केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा नवनीत कुमार और अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की है. यह मामला कोलकाता एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स में बड़े पैमाने पर गलत घोषणाओं के माध्यम से खेपों की अवैध निकासी और संगठित तस्करी से जुड़ा है.

# संघ का उद्देश्य नाम चमकाने का नहीं : मोहन भागवत

**नागपुर, 09 अप्रैल. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संघ का उद्देश्य इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज कराना नहीं है, बल्कि पिछले 100 वर्षों में किए गए कार्यों का पूरा श्रेय समाज को देना है.**

उन्होंने यह बात नागपुर के रेशमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कही, जहां आरएसएस की घोष पाठक (बैंड मंडली) के इतिहास पर आधारित पुस्तक 'राष्ट्र स्वराधना' का विमोचन हुआ। भागवत ने कहा कि आरएसएस का



समग्र कार्य स्वयंसेवकों की कड़ी मेहनत और समाज की सामूहिक शक्ति पर आधारित है, न कि किसी व्यक्तिगत कृपा पर। उन्होंने जोर देकर कहा कि संघ ने राष्ट्र निर्माण के अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरी तरह से स्वयंसेवकों की मेहनत और कार्यशक्ति पर भरोसा किया है.

# नवकार मंत्र का जाप सार्थक और प्रासंगिक : शाह

**नई दिल्ली 09 अप्रैल. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को यहां विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में शामिल हुए और कहा कि दुनिया के अनेक हिस्सों में संघर्ष की स्थिति के बीच समस्त विश्व के कल्याण के लिए नवकार मंत्र का सामूहिक जाप सार्थक और प्रासंगिक है.**

गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि श्री शाह ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा -जब विश्व के विभिन्न हिस्सों में अपने विचारों को स्थापित करने के लिए संघर्ष की स्थिति बनी हुई है. ऐसे समय में यहां से समस्त विश्व के



कल्याण हेतु नवकार मंत्र का सामूहिक जाप किया जाना अत्यंत सार्थक और प्रासंगिक है. उन्होंने कहा कि भारत विविध संप्रदायों और धर्मों का देश है, जहां प्रत्येक परंपरा में मंत्रों की विशेष महत्ता और आध्यात्मिक शक्ति का वर्णन मिलता है.

### सीआरपीएफ शौर्य दिवस पर वीर जवानों को नमन

**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शौर्य दिवस के अवसर पर बल के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री शाह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ वीरता दिवस पर हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन। वर्ष 1965 में आज ही के दिन सीआरपीएफ के वीर जवानों ने कच्छ का रण के सरदार पोस्ट पर दुश्मनों के मंसूबों को ध्वस्त करते हुए बहादुरी का स्वर्णिम अध्याय रचा। राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि.

## आज का इतिहास

- 1847- पुलित्जर पुरस्कारों के प्रणेता जोसेफ पुलित्जर का जन्म.
- 1875- स्वामी दयानंद सरस्वती ने बम्बई में आर्यसमाज की स्थापना की.
- 1889- राम चंद चटर्जी गर्म गुब्बारे में उड़ान भरने वाले पहले भारतीय बने.
- 1894- भारतीय उद्योगपति घनश्यामदास बिड़ला का जन्म.
- 1912- प्रसिद्ध जहाज टाइटैनिक अपनी पहली और आखिरी यात्रा पर ब्रिटेन के साउथैंप्टन बंदरगाह से रवाना हुआ.

# एलिवेटेड रोड और आरओबी कार्यों के निर्देश : भजनलाल

**जयपुर, 09 अप्रैल. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर शहर में यातायात प्रबंधन एवं सुधार के लिए जारी विभिन्न जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) परियोजनाओं को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं.**

श्री शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर शहर के यातायात सुधार के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने इस काम में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारी एवं निर्माणकर्ता के विरूद्ध परफॉर्मेंस एवं लिक्विडिटी



पैनल्टी की कार्यवाही करने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात को सुगम एवं सुरक्षित बनाने की कार्ययोजना को जेडीए एवं यातायात पुलिस संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र लागू करें.

# अपराध केंद्र अपराधों की जांच में करेंगे सहयोग

▸ भारत के डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम में बदलाव

**नई दिल्ली, 09 अप्रैल. धोखाधड़ी और वित्तीय अपराधों के विरूद्ध कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (एफआईयू-इंडिया) और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने सूचना साझाकरण और समन्वय को बढ़ाने के लिए एक व्यापक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है.**

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि यह समझौता देश में साइबर धोखाधड़ी और वित्तीय अपराधों के विरूद्ध लड़ाई में अग्रणी दो एजेंसियों के बीच सहयोगात्मक खुफिया जानकारी साझा करने के एक नए दौर की शुरुआत है। समझौता ज्ञापन पर एफआईयू-आईएनडी के निदेशक अमित मोहन गोविल और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने हस्ताक्षर किए। यह सहयोग ऐसे समय में हुआ है जब भारत के डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम में अत्यधिक बदलाव आया है, जिसके चलते नागरिकों को साइबर अपराध और धोखाधड़ी से बचाने के लिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है.

यह समझौता ज्ञापन दोनों एजेंसियों को प्रचालन संबंधी जानकारी विकसित करने और जांच एजेंसियों को वित्तीय अपराधों को रोकने, डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा करने और परिसंपत्ति की वसूली करने में सहायता प्रदान करेगा। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों एजेंसियों को राष्ट्रीय स्तर पर धोखाधड़ी का पता लगाने के प्रोटोकॉल को बेहतर बनाने के लिए सशक्त प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने में सक्षम बनाना, साथ ही वित्तीय संस्थानों को साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम के प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिए दिशा-निर्देश और चेतावनी संकेतक विकसित करने एवं प्रसारित करने में सुविधा प्रदान करना है.

## चांसलर 14 को 4 दिन की भारत यात्रा पर आयेंगे

**नई दिल्ली.** ऑस्ट्रिया के चांसलर डॉ. क्रिश्चियन स्टॉकर 14 से 17 अप्रैल तक चार दिन की भारत पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही यात्रा में चांसलर के साथ आस्ट्रिया के अर्थव्यवस्था, ऊर्जा और पर्यटन मंत्री डॉ. वोल्फगैंग हैटमैनसडॉर्फर, वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारिक नेता भी आ रहे हैं। यह चांसलर स्टॉकर का भारत का पहला और एशिया का पहला औपचारिक दौरा भी होगा। श्री मोदी और डॉ स्टॉकर अनेक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।वह क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे जिसमें बहुपक्षीय मंचों में सहयोग भी शामिल है.

# महिला कर्मचारियों यौन उत्पीड़न मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

**नासिक, 09 अप्रैल. महाराष्ट्र के नासिक में एक मल्टीनेशनल कंपनी में महिला कर्मचारियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न के गंभीर मामले सामने आए हैं.**

पुलिस ने इस मामले में टीम लीडर सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पीड़ितों का आरोप है कि यह उत्पीड़न पिछले चार वर्षों से जारी था, लेकिन कंपनी प्रबंधन ने शिकायतों को नजरअंदाज किया. आरोपियों पर यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़ और धार्मिक भावनाएं आहत करने जैसे गंभीर आरोपों में कुल नौ मामले दर्ज किए गए हैं. इस घटना ने कॉर्पोरेट कार्यस्थलों में सुरक्षा और शिकायत निवारण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. इतना ही नहीं, एक पुरुष कर्मचारी को नमाज पढ़ने के लिए मजबूर करने और उसके धर्म का अपमान करने का भी आरोप सामने आया है, जिससे मामला और गंभीर हो गया है. पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने कई बार कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई. आरोप है कि प्रबंधन ने इन घटनाओं को नजरअंदाज किया, जिससे आरोपियों के हौसले बढ़ते गए.

# ममता ने किसानों को मंझधार में छोड़ा : शिवराज

ममता दीदी को किसान या जनता से नहीं, कुर्सी से प्रेम है- सिंगूर की जमीन ममता बनर्जी की विफलता का स्मारक बन गई

**कोलकाता/नई दिल्ली, 9 अप्रैल. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को पश्चिम बंगाल दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और जमीनी हालात का जायजा लिया.**



दौरे के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने सिंगूर में उस विवादित जमीन का भी निरीक्षण किया, जहां कभी टाटा मोटर्स का नैनो प्लांट प्रस्तावित था. उन्होंने यहां आलू के खेतों का निरीक्षण कर किसानों से बातचीत की और उनकी चुनौतियों व समस्याओं को समझा। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने कोलकाता में आयोजित स्वर्णकार समाज की सोशल कॉन्फ्रेंस में भी शिरकत की। इस दौरार सिंगूर में उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि, सिंगूर की ज़मीन पर न खेती हो रही है और न ही कोई उद्योग स्थापित हुआ है। यह भूमि अब सीधे-सीधे राज्य सरकार की विफलता का प्रतीक बन चुकी है. केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, सिंगूर का नाम सुनते ही टाटा फैक्ट्री आंदोलन याद आता है, जिसके सहारे ममता बनर्जी सत्ता तक पहुंचीं। लेकिन आज सिंगूर की हालत देखकर मैं हैरान रह गया. न वहां फैक्ट्री बनी, न जमीन खेती के लायक छोड़ी गई.

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव

### बंगाल में निष्पक्ष चुनाव के लिए केंद्र को दें निर्देश

**नई दिल्ली.** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में न्यायिक अधिकारियों, नागरिकों और चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों की सुरक्षा का मुद्दा अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है. हिंदू महासभा ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि निष्पक्ष, निर्भीक और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश दें. याचिका में केंद्रीय बल तैनात करने की मांग भी की गई है. अखिल भारतीय हिंदू महासभा की तरफ से पूर्व उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल ने दाखिल की है. याचिका में कहा गया है कि साल 2013 के पंचायत चुनावों के दौरान पश्चिम बंगाल में 39 लोग कथित चुनावी और चुनाव बाद की हिंसा में मारे गए थे. तब अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस जीत गई थी और डराने-धमकाने के कारण 34 प्रतिशत सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ था.

### केरल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने किया मतदान

**तिरुवनंतपुरम.** केरल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हो रहा है और राज्यभर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को मताधिकार का प्रयोग किया. कांग्रेस समिति के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने सुबह करीब 8:30 बजे अलाप्पुझा के पझावेडू स्थित तिरुवंबाडी उच्च माध्यमिक विद्यालय में अपना वोट डाला. वहीं, प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष सन्नी जोसेफ शुरुआती मतदाताओं में से एक थे. उन्होंने सुबह सात बजे कन्नूर जिले के पेरावूर निर्वाचन क्षेत्र में स्थित सेंट जॉन बैपटिस्ट अंग्रेजी माध्यम उच्च माध्यमिक विद्यालय में अपना वोट डाला. इसी तरह से विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन ने सुबह सात बजे परवूर स्थित केसरी बालकृष्ण पिल्लई मेमोरियल सरकारी कॉलेज में मतदान किया. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री ए.के. एंटनी ने पूर्व केपीसीसी अध्यक्ष एम.एम. हसन के साथ सुबह करीब 10:30 बजे तिरुवनंतपुरम के जगाथी यूपीएस में मतदान किया.

### उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री व अन्य नेताओं ने डाला वोट

**पुडुचेरी.** पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन और सत्तारूढ़ एआईएनआरसी के संस्थापक एवं मुख्यमंत्री एन. रंगासामी सहित कई नेताओं ने गुरुवार को विधानसभा चुनाव में अपना वोट डाला। कैलाशनाथन ने अपनी माता लीना और पत्नी बीना के साथ डीएमएस कार्यालय के बूथ पर अपना वोट डाला. बाद में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी को अपना वोट डालना चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग करना सभी का कर्तव्य है। रंगासामी अपने घर से यामाहा बाइक पर थिलास्पेट सरकारी मिडिल स्कूल स्थित मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे थे.

### मतदान केंद्र पर कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं में भिड़ंत

**पुडुचेरी.** पुडुचेरी में मन्नादिपेट विधानसभा क्षेत्र के थिरुकन्नूर के मतदान केंद्र पर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प को शांत करने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। मन्नादिपेट विधानसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। यहां गृह मंत्री ए. नमशिवायम की भिड़ंत कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष सेल्वम से हो रही है। थिरुकन्नूर के सरकारी उच्चतम माध्यमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र पर भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जमा हो गए। इसके बाद वहां पहुंचे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनकी मौजूदगी पर सवाल उठाया और तर्क दिया कि मतदान केंद्र के अंदर केवल मतदाताओं को ही मौजूद रहने की अनुमति है। इसके बाद दोनों गुटों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो बाद में एक हिंसक झड़प में बदल गई.



### रोबोट ने गुलाब देकर किया मतदाताओं का स्वागत

**पुडुचेरी.** मतदाताओं को लुभाने की एक अनोखी पहल के तहत पुडुचेरी के राज भवन निर्वाचन क्षेत्र में वीओसी विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में प्रवेश करने वाले सभी मतदाताओं का स्वागत एक रोबोट ने गुलाब देकर किया। मतदाताओं को उस समय एक सुखद आश्चर्य हुआ, जब एक लड़की की तरह कपड़े पहने और गुलाब के फूलों से भरी ट्रे लिए एक रोबोट ने उनका स्वागत किया और उन्हें फूल भेंट किए.

### वोट डालने के बाद एक मतदाता की मौत

**त्रिशूर.** केरल में विधानसभा चुनाव के दौरान त्रिशूर के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के कुछ ही देर बाद 62 साल के एक मतदाता की मौत हो गई। वोट डालने से पहले यह व्यक्ति करीब एक घंटे तक कतार में खड़ा रहा था। वोट डालने के बाद जब वह मतदान केंद्र से बाहर निकल रहे थे, तभी अचानक गिर पड़े। इससे वहां मौजूद दूसरे मतदाताओं और मतदान अधिकारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। उन्हें तुरंत मेडिकल मदद के लिए अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक संकेतों से लगता है कि उनकी मौत का कारण संभवत: दिल का दौरा था। अधिकारियों ने कहा कि मौत के सही कारण की पुष्टि पोस्टमॉर्टम के बाद ही हो पाएगी. इस घटना से इलाके में मतदान पर कुछ समय के लिए उदासी छा गई लेकिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान बिना किसी रुकावट के जारी रहा.

## बीच सड़क दिनदहाड़े सिर काटकर हत्या

**अररिया, 09 अप्रैल.** जिले में डबल मर्डर से इलाके में हड़कंप मच गया. जहां एक ओर हत्या के बाद सड़क युवक का सिर धड़ से अलग कर दिया. शव से अलग धड़ बहुत देर तक सड़क पर यूं ही पड़ा रहा. वहीं दूसरी ओर भीड़ ने आरोपी युवक को उसी के घर में पीट-पीटकर मार डाला. बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे फारबिसगंज सुभाष चौक स्थित मार्केटिंग यार्ड के समीप कहासुनी के बाद आवेश में आकर सत्तू विक्रेता ठेला चालक ने पिकअप ड्राइवर की हत्या कर दी. मृतक पिकअप चालक 42 वर्षीय अली हुसैन जोगबनी थाना क्षेत्र के अमोना गांव का रहने वाला था. इस जघन्य वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई.

# 1500 किमी दूर महिला की रोबोटिक सर्जरी

## ओमान के मस्कट में हुए ऑपरेशन का मुंबई से किया कंट्रोल

**भोपाल, 09 अप्रैल. ओमान की एक 54 साल की महिला की मुंबई के डॉक्टर ने रोबोटिक सर्जरी कर जान बचाई है. महिला को किडनी कैंसर होने का संदेह था.**

इस सर्जरी में खास बात यह रही कि महिला मरीज 1500 किलोमीटर से भी ज्यादा दूर मस्कट में थी. इस सर्जरी को करने वाले सर्जन मुंबई से इसे कंट्रोल कर रहे थे. इस सर्जरी को मुंबई स्थित कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के रोबोटिक सर्जरी निदेशक ने अंजाम दिया. उन्होंने बताया कि मस्कट के मेडिकल सिटी मस्कट अस्पताल में यूरोलॉजिस्ट की एक टीम मौजूद थी. पूरी प्रक्रिया बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न हुई.




### एक टीम थी अस्पताल में मौजूद

रोबोटिक सर्जरी के डायरेक्टर ने बताया कि हमारे अस्पताल के यूरोलॉजिस्ट की एक टीम मेडिकल सिटी मस्कट अस्पताल में मौजूद थी, जो जरूरत पड़ने पर खुद दखल देने के लिए तैयार थी. उन्होंने बताया कि यह रिमोट सर्जरी बिना किसी रुकावट के पूरी हो गई. अस्पताल के मुताबिक, यह भारत से की गई पहली क्रॉस-बॉर्डर रिमोट रोबोटिक सर्जरी है. दिसंबर 2025 में शंघाई से मुंबई में एक मरीज की सर्जरी कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी.

**अपील** ▸ किसी भी समाज की प्रगति तभी संभव है, जब महिलाओं की प्रगति सुनिश्चित हो : मोदी

# महिला आरक्षण नारी शक्ति की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब

**नई दिल्ली, 09 अप्रैल. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी पोस्ट में इन विचारों को साझा किया और लोगों से अपील की कि वे संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने और नारी शक्ति को सशक्त करने के लिए मिलकर आगे बढ़ें.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण पर लिखे अपने विचार आधारित लेख की कुछ झलकियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि भारत की नारी शक्ति की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने कहा



कि महिला आरक्षण लागू करने संबंधी विधेयक पर चर्चा और उसे पारित करना सिर्फ कानून बनाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह देश की महिलाओं की अपेक्षाओं और सपनों को साकार करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति तभी संभव है, जब महिलाओं की प्रगति सुनिश्चित हो। महिलाओं को आगे बढ़ाना राष्ट्र के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक जीवन में भागीदारी का आधार मजबूत करना जरूरी है, ताकि वे हर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा सकें। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जब महिलाएं प्रशासन और निर्णय प्रक्रिया में भाग लेती हैं, तो उनके अनुभव और अंतर्दृष्टि से नीतियां अधिक प्रभावी बनती हैं और शासन की गुणवत्ता में सुधार होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सुझाव दिया कि 2029 के लोकसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों के विस चुनाव महिला आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए.

महिलाओं का प्रतिनिधित्व और बढ़े। उन्होंने सितंबर 2023 में संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने में होने वाली हर देरी, लोकतंत्र की गुणवत्ता और समावेशिता को मजबूत करने में देरी के समान है।उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पर अधिकतम व्यापक सहमति होनी चाहिए और इसे राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर आगे बढ़ाया जाना चाहिए.